दिनांकः 06/07/2022

प्रकाशनार्थ

**51 केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा**

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा– 2022 का आयोजन बुधवार को गोरखपुर के 51 परीक्षा केंद्रों पर होगा। दो पालियों में आयोजित परीक्षा में 22,600 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। पहली पाली में 20725 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, 1825 अनुपस्थित रहे। जबकि, दूसरी पाली में 20745 अभ्यर्थी शामिल हुए। 1855 ने परीक्षा से किनारा किया। सभी केंद्रों पर सकुशल परीक्षाएं संपन्न हुई।

परीक्षा को लेकर केंद्रों पर अभ्यर्थियों के पहुंचने का सिलसिला डेढ़ घंटा पूर्व से ही प्रारंभ हो गया था। नकलविहीन परीक्षा के लिए सभी केंद्राध्यक्षों और पर्यवेक्षकों केंद्रों पर मुस्तैद नजर आए। परीक्षा के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन कराया गया। मॉस्क और सैनिटाइजर को साथ लेकर अभ्यर्थी कमरे के अंदर गए।

परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिये सभी परीक्षा केन्द्रों के सभी कमरों की वेबकारिटंग के प्रबंध किया गया था। जिसकी निगरानी आयोजक महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय , बरेली द्वारा की गई। गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया में कुल 85 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन हुआ। पहली पाली में परीक्षा के लिए कुल 37829 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा में 34802 अभ्यर्थी शामिल हुए। 3027 अभ्यर्थियों ने पेपर को छोड दिया। दूसरी पाली में 34826 अभ्यर्थी शामिल हुए, 3003 ने परीक्षा को छोड़ दिया। परीक्षा के नोडल समन्वयक प्रो. सुषमा पाण्डेय ने बताया कि सभी केंद्रों पर सकुशल परीक्षाओं का आयोजन हुआ।

D.M. Sinh

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur